हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 31 जनवरी 2025

तापमान
अधिकतम 25.1 डिग्री
न्यूनतम 6.9 डिग्री

11 नृत्य में विजेता हर्षिता जांगड़ा को बधाई दी



12 महावीर कॉलोनी की गलियों का निर्माण शुरू



### शहर में आज

- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन
- लघुसचिवालय में समाधान शिविर में सुनी जाएंगी समस्याएं

### खबर संक्षेप

#### रिहैबिलिटेशन एजुकेशन पर कार्यशाला आज

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का सेंटर फॉर डिसएबिलिटी स्टडीज 31 जनवरी को- हेल्थ एंड वेल बीइंग ऑफ पर्सन्स विद डिसएबिलिटीज: इश्यूज एंड इंटरवेंशन स्ट्रेटेजीज विषयक एक दिवसीय रिहैबिलिटेशन एजुकेशन कार्यशाला का आयोजन करेगा।सेंटर फॉर डिसएबिलिटी स्टडीज की इंचार्ज डॉ. प्रतिमा ने बताया कि भारतीय पुनर्वास परिषद की अध्यक्ष डा. शरणजीत कौर बतौर मुख्यातिथि इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगी। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे तथा कुलपति के सलाहकार प्रो. एके राजन ने गेस्ट ऑफ ऑनर होंगे। यह कार्यक्रम स्वराज सदन में सुबह 10 बजे से शुरू होगा।

#### इंकम टैक्स रिटर्न पर ट्रेनिंग प्रोग्राम पांच को

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कालेज 5 फरवरी को- कैल्कुलेशन एंड फिलिंग इनकम टैक्स रिटर्न विषय पर ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन करेगा। कालेज के कोऑर्डिनेटर डॉ. अनार सिंह ढुल ने बताया कि एमडीयू के वित्त अधिकारी मुकेश भट्ट बतौर की-नोट स्पीकर इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में शिरकत करेंगे। यह कार्यक्रम एफडीसी सेमिनार हाल में प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगा।

#### मदवि में सीडीएस कोचिंग 15 से 31 तक

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर कंपीटीटिव एग्जामिनेशन (यूसीसीई) 15 फरवरी से 31 मार्च तक सीडीएस (I) एग्जामिनेशन 2025 के लिए कोचिंग प्रोग्राम का आयोजन करेगा।यूसीसीई निदेशक प्रो. जे.एस. हुड्डा ने बताया कि यह कोचिंग प्रोग्राम ऑफलाइन मोड में आयोजित किया जाएगा। इस कोचिंग प्रोग्राम में एमडीयू तथा संबद्ध महाविद्यालयों के वर्तमान एवं पूर्व विद्यार्थी तथा अन्य विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थी एडमिशन ले सकते हैं। इस कोचिंग प्रोग्राम के लिए रजिस्ट्रेशन 14 फरवरी तक होगा तथा कक्षाएं 15 फरवरी से प्रारंभ होंगी। विस्तृत जानकारी के लिए स्वराज सदन स्थित यूसीसीई कार्यालय में विजिट की जा सकती है।

#### नहर में युवक का शव मिलने से हड़कंप

**रोहतक।** सेक्टर-2 के पास नहर में एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। इसकी सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही अर्बन स्टेट थाना पुलिस ने मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। साथ ही आस-पास के लोगों से भी पूछताछ की है। जांच के दौरान पता चला कि मृतक की उम्र लगभग 32 वर्ष है। मृतक के दोनों हाथों व छाती पर दक्षिण भारत की किसी भाषा में टैटू बने हुए हैं, जो उसकी पहचान में सहायक हो सकते हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई के शव गृह में रखवा दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान स्थापित करने के लिए आस-पास के क्षेत्रों में लापता व्यक्तियों की रिपोर्ट की जांच की जा रही है। साथ ही, दक्षिण भारतीय भाषा में बने टैटू के आधार पर भी जांच के विभिन्न पहलुओं पर काम किया जा रहा है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। आसपास के थानों में भी सूचना भेजी गई है।

---

## सोनीपत का रहने वाला 27 युवक अब स्वस्थ

# पीजीआई के चिकित्सकों की टीम ने जटिल जन्मजात हृदय दोष 'टेट्रालॉजी ऑफ फैलोट' का इलाज कर बचाई मरीज की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में हृदय शल्य चिकित्सा विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर और प्रमुख डॉ. एसएस लोहचब ने बताया कि पीजीआई में हृदय शल्य चिकित्सा टीम ने एक जटिल जन्मजात हृदय दोष टेट्रालॉजी ऑफ फैलोट (टीओएफ) की मरम्मत के दौर से गुजर रहे एक मरीज की जान बचाई। इस अभिनव तकनीक ने अनियंत्रित, जानलेवा रक्तस्राव को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया, जो बाल चिकित्सा हृदय शल्य चिकित्सा में एक महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है। डॉ. लोहचब ने बताया कि मरीज, सोनीपत का एक 27 वर्षीय व्यक्ति था, जिसकी कोरोनरी धमनी असामान्य थी, जिसके कारण प्रक्रिया के दौरान सीमित दाएं वेंट्रिकुलोटॉमी की आवश्यकता थी। मानक बंद होने के बाद, पारंपरिक हेमोस्टैटिक विधियां लगातार रक्तस्राव को नियंत्रित करने में विफल रहीं, जिससे मरीज के बचने का गंभीर जोखिम पैदा हो गया।



रोहतक। चिकित्सकों की टीम के साथ मरीज। फोटो : हरिभूमि

एक अग्रणी दृष्टिकोण में, सर्जिकल गोंद का उपयोग करके रक्तस्राव स्थल पर पेरीकार्डियम का एक बड़ा टुकड़ा चिपकाया गया, जिससे एक प्रभावी सील बन गई और तत्काल हेमोस्टेसिस प्राप्त हुआ। मरीज बिना किसी परेशानी के ठीक हो गया।

### तकनीक सरल, प्रभावी और जीवन रक्षक

डॉ. लोहचब ने कार्डियक सर्जरी विभाग के डॉ. संदीप सिंह, डॉ. पनमेश्वर और डॉ. शोरंकी के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। इसके अलावा, कार्डियोलॉजी विभाग के डॉ. कुलदीप लालर और डॉ. अश्वनी के साथ-साथ कार्डियक एनेस्थीसिया विभाग की डॉ. गीता और डॉ. इंदिरा ने इस प्रक्रिया की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. लोहचब ने कहा कि यह तकनीक उन मामलों में एक सरल, प्रभावी और जीवन रक्षक समाधान प्रदान करती है जहां पारंपरिक तरीके विफल हो जाते हैं। इसमें सर्जरी के दौरान रक्तस्राव प्रबंधन में क्रांति लाने की क्षमता है, खासकर जटिल जन्मजात हृदय प्रक्रियाओं में।

### संस्थान की बड़ी उपलब्धि

डॉ. कुलदीप लालर ने कहा कि यह सफलता हृदय शल्य चिकित्सा में निरंतर नवाचार के महत्व को उजागर करती है, जो जन्मजात हृदय दोष वाले रोगियों के लिए सुरक्षित प्रक्रियाओं और बेहतर परिणामों का मार्ग प्रशस्त करती है। डॉ. लोहचब ने बताया कि हृदय शल्य चिकित्सा में पेरीकार्डियल पैच का उपयोग अच्छी तरह से प्रलेखित है, विशेष रूप से टेट्रालॉजी ऑफ़ फैलोट जैसी स्थितियों में दाएं वेंट्रिकुलर आउटफ्लो ट्रैक्ट को बड़ा करने के लिए। इसके अलावा, बायोग्लू जैसे सर्जिकल चिपकने वाले पदार्थों को पेरीकार्डियल पैच के साथ लगाने की रिपोर्ट ट्रेकिअल रप्चर की मरम्मत में की गई है। एक केस स्टडी में, एक मुक्त पेरीकार्डियल पैच को ट्रेकिअल रप्चर के किनारों पर सिल दिया गया था और पैच को सुरक्षित करने और हेमोस्टेसिस प्राप्त करने के लिए बायोग्लू को बाहरी रूप से लगाया गया था। जबकि ये अध्ययन विभिन्न सर्जिकल संदर्भों में पेरीकार्डियल पैच और सर्जिकल चिपकने वाले पदार्थों के उपयोग को दर्शाते हैं, टेट्रालॉजी ऑफ़ फैलोट की मरम्मत के दौरान अनियंत्रित रक्तस्राव को नियंत्रित करने के लिए गोंद के साथ एक बड़े पेरीकार्डियल पैच को चिपकाने का विशिष्ट अनुप्रयोग, जैसा कि इस मामले में वर्णित है, एक नया दृष्टिकोण प्रतीत होता है जो मौजूदा साहित्य में शामिल नहीं है।

---

# स्वास्थ्य विभाग की टीम ने द्वारका में लिंग जांच गिरोह का भंडाफोड़ किया

■ रेडियोलॉजिस्ट डॉ. विनीत माथुर रंगेहाथ गिरफ्तार ■ दलाल टीम को धक्का देकर भाग निकला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लिंगानुपात सुधारने की दिशा में एक और बड़ी कार्रवाई की। टीम ने द्वारका, दिल्ली में चल रहे लिंग जांच का भंडाफोड़ा और भ्रूण लिंग जांच चिकित्सक को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपियों से मशीन और कैश बरामद हुआ है। इस दौरान एएसएमओ को धक्का मारकर एक दलाल फरार हो गया।

#### टीम का गठन किया

सिविल सर्जन डा रमेश चन्द्र ने बताया कि डीसी धीरेंद्र खड़गटा के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लिंगानुपात सुधारने को लेकर ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। संदिग्ध अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर छापामार कार्रवाई की जा रही है। इसी बीच स्वास्थ्य विभाग को आरोग्य डायग्नोस्टिक सेंटर और डेंटल सेंटर, पॉकेट 5, सेक्टर 12 द्वारका दिल्ली में भ्रूण लिंग जांच किए जाने की सूचना मिली। इस बारे में उपायुक्त को जानकारी दी गई। उपायुक्त ने तुरंत प्रभाव से एक टीम बनाकर इस सेंटर पर छापामार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ. विश्वजीत और चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोहित के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इसके साथ ही एक महिला को भ्रूण लिंग जांच करवाने के लिए तैयार किया गया। उन्होंने बताया कि डॉ. विशाल चौधरी एएसएमओ ने दलाल विकास गुप्ता को भागने से रोकने के लिए बहुत प्रयास किए, जिसमें वह दलाल के पीछे दौड़े लेकिन इसी बीच दलाल ने डॉ. विशाल को धक्का मारा और वह भागने में कामयाब हो गया। इस दौरान डॉ. विशाल चौधरी घायल हो गए। उन्होंने बताया कि छापामार कार्रवाई की इस टीम में एसएमओ डॉ. संजीव मलिक, डॉ. विशाल चौधरी, डॉ. विकास सैनी, डॉ. विजय, रणजीत सिंह, सुशील एंव राजेश भी साथ थे। उन्होंने बताया कि कार्यवाही के दौरान एक अल्टसाउण्ड मशीन को भी सील कर दिया गया।



### 50 हजार में तय हुआ था सौदा

उन्होंने बताया कि एक दलाल के माध्यम से 50 हजार रुपए में सौदा तय हुआ। दलाल के कहे अनुसार महिला को जांच के लिए सेंटर में भेजा गया। जांच के दौरान रेडियोलॉजिस्ट डॉ. विनीत मदान ने वहां बताया कि तरीके से महिला के जुड़वा गर्भ है और दोनों भ्रूण मादा हैं। इसी कार्यवाही के दौरान रोहतक स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक दलाल शेलेन्द्र माथुर और रेडियोलोजिस्ट डॉ. विनीत माथुर को रंगे हाथो पकड़ा गया। वहां से अल्टसाउंउ मशीन, सीसीटीवी फुटेज, रिकार्ड एंव 25,500 रूपये बरामद किये गए जबकि पीएनडीटी टीम ने फर्जी ग्राहक से 50 हजार रुपये में सौदा तय किया हुआ था। एक दलाल जिसका नाम विकास गुप्ता है, वह भाग में कामयाब हो गया। पीसी एण्ड पीएनडीटी एक्ट के तहत आगामी जांच चल रही है।

### लिंग जांच की सूचना पर मारी रेड : उपायुक्त

जिले में लिंगानुपात में और अधिक सुधार करने के लिए निरंतर ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए गए है कि जहां भी भ्रूण लिंग जांच की सूचना मिले वहां तुरंत प्रभाव से छापा मार कार्रवाई करें। द्वारका दिल्ली में आरोग्य डायग्नोस्टिक सेंटर और डेंटल सेंटर पर भ्रूण लिंग जांच किए जाने की सूचना मिली थी, जिस पर स्वास्थ्य विभाग को छापा मारने के निर्देश दिए थे। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ठोस कार्रवाई की और भ्रूण लिंग जांच करने वाले रेडियोलॉजिस्ट को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। जिला प्रशासन के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग की छापामार कार्रवाई जारी रहेगी।

---

## मुख्यमंत्री आज दीनबंधु सर छोटूराम के जयंती कार्यक्रम में करेंगे शिरकत



**रोहतक।** उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह 31 जनवरी को सुबह 11 बजे स्थानीय अखिल भारतीय जाट मेमोरियल महाविद्यालय के प्रांगण में दीनबंधु सर छोटूराम की 144वीं जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले जन्मोत्सव में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। महाविद्यालय द्वारा जन्मोत्सव के दौरान विभिन्न गतिविधियां भी आयोजित करवाई जाएगी। इनमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

## एटीएम बदलकर 50 हजार की ठगी करने का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर 50 हजार रुपये की ठगी की वारदात में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। एवीटी प्रभारी अनेश कुमार ने बताया कि भरत कॉलोनी निवासी जिले सिंह की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 21 मई 2024 को शीला बाइपास के पास स्थित एचडीएफसी बैंक के एटीएम से पैसे निकलवाने के लिए गया हुआ थी। एटीएम से रुपये निकलवाने के दौरान दो युवक मौजूद थे। युवकों ने जिलेसिंह को एटीएम कार्ड बदलकर दे दिया। युवकों ने एटीएम कार्ड से जिलेसिंह के खाते से 50 हजार रुपये निकाल लिए। जांच के दौरान 29 जनवरी को आरोपी राजू निवासी कैथल हाल इंद्रा कॉलोनी हांसी को गिरफ्तार किया गया है। वारदात में आरोपी राकेश को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच में सामने आया कि आरोपी मदद के बहाने एटीएम कार्ड बदलकर रुपये निकालने की वारदात को अंजाम देते है। आरोपी से 15 हजार रुपये व वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुई है। आरोपियों ने इसके अलावा रोहतक में दो व जींद में एक एटीएम कार्ड बदलकर पैसे निकालने की वारदात को अंजाम दिया हुआ है।



---

## युवक पर फायरिंग के आरोपी काबू

**रोहतक।** पुलिस ने रिठाल फौगाठ निवासी युवक पर हुई फायरिंग की वारदात में दो आरोपियो को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है।

#### ये था मामला


सदर थाना प्रभारी ऋषभ सोढ़ी ने बताया कि रिठाल फौगाठ निवासी प्रवेश की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 27 जनवरी को प्रवेश अपने घर की छत पर खड़ा था। तभी मोटरसाइकिल पर मोहित व विकास सवार होकर आए। दोनों ने प्रवेश व उसके भाई सौरभ को गाली देने शुरु कर दी। गाली देने से मना करने पर विकास ने हथियार निकालकर प्रवेश के ऊपर फॉयर कर दिया। प्रवेश अपना बचाव करते हुए नीचे बैठ गया। दोनों युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर मौके से फरार हो गए। जांच के दौरान 29 जनवरी को आरोपी विकास व मोहित निवासी रिठाल फौगाट को गिरफ्तार किया गया है।

## वाहनों की टक्कर में महिला घायल

**रोहतक।** आईएमटी चौक के पास दो गाड़ियों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर लगने के कारण एक महिला घायल हो गई। घायल महिला को उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया। महिला के उपचार के बाद पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस को दी शिकायत में पूजा ने बताया कि वह गांव हथवाला जिला जींद की रहने वाली है। वह पुलिस विभाग में सुनारिया दुर्गा शाक्ति हैड क्वार्टर में कार्यरत है। 27 जनवरी को अपने रिश्तेदार योगेश निवासी गांव मदीना के साथ अपनी गाड़ी से पीटीसी सुनारियां जा रहे थे। गाड़ी को योगेश चला रहा था जब आईएमटी चौक बाइपास के पास पहुंचे तो हिसार की तरफ से एक गाड़ी हमारी गाड़ी में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से गंभीर चोटे लगी और हमारी गाड़ी को काफी नुकसान हुआ। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

## फरमाणा के युवक से 15 हजार की साइबर ठगी

**महम।** फरमाणा गांव के एक व्यक्ति के साथ ऑनलाइन फ्रॉड किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस को दी शिकायत में फरमाणा खास गांव निवासी अंकित पुत्र संतराज उर्फ पप्पू ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करता है। उसका गांव के ही सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक शाखा में खाता है। गत दिवस दोपहर एक बजे उसके पास एक कॉल आई। जिसमें सामने वाले ने बताया कि वह हाई स्कूल से सुनील मास्टर बोल रहा है। बताया कि उसको उसके पिता के 3 हजार रुपए देने हैं। फिर उसने उसके मोबाइल नंबर पर 10 रुपए भेजे। उसके बाद 3 हजार की बजाए 30 हजार रुपए प्राप्त होने का एक मैसेज आया। फोन करने वाले ने कहा कि गलती से 30 हजार रुपए डल गए हैं। अब वह उसको 27 हजार रुपए वापस भेज दे। उसके बाद उसने वापस 10 हजार रुपए डाल दिए। उसके बाद अपने आप ही 2500 रुपए दो बार उसके खाते से कट गए। उसको 15 हजार रुपए की ऑन लाइन ठगी कर ली गई। क्योंकि उसके पास कोई 30 हजार रुपए खाते में नहीं आए थे। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



---

## सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की बैठक में उपायुक्त की खरी-खरी

# सड़क पर खड़ा मिला ट्रक तो आईओ नपेगा, हाईवे पर बिना सीएलयू के बने ढाबों पर केस दर्ज कर तुरंत गिराया जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

■ पुलिस नागरिकों को हेलमेट के प्रयोग बारे करें जागरूक

सड़कों पर कोई ट्रक खड़ा हुआ मिला तो संबंधित आईओ पर सख्त कार्रवई होगी। सभी नागरिकों के बहुमूल्य जीवन की सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए यह सुनिश्चित करें कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्गों पर कोई भी ट्रक खड़ा न हो पाए। अगर उन्हें ऐसा कोई भी वाहन खड़ा मिला तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यदि कोई वाहन सफर के दौरान खराब हो जाता है तो सभी सुरक्षा प्रबंधों के साथ सड़क के किनारे खड़ा किया जाए।

यह बात जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए हॉल में आयोजित सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे वाहन खड़ा करने से दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। उन्होंने सड़क सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा के दौरान पुलिस व राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों के दोनों ओर बनाए गए ढाबों की जांच की जाए और यदि कोई ढाबा बिना सीएलयू के बनाया गया है तो तुरंत एफआईआर दर्ज करवाई जाए तथा उनको गिराया जाए।



#### हाईवे पर ढाबों के सामने बनाए गए अनाधिकृत कटों को तुरंत बंद करें

उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे स्थित ढाबों पर लगाए गए अनाधिकृत कटों को तुरंत बंद किया जाए तथा संबंधित ढाबें के खिलाफ कार्रवाई की जाए। महम स्थित तिरंगा ढाबा के सामने कट की जांच करवाई जाए और यदि बिना अनुमति कट लगाया गया है, तो तुरंत बंद किया जाए। इस ढाबे की सीएलयू भी चैक की जाए। इस बैठक में जिला नगर योजनाकार, निजी मेडिकल एसोसिएशन, निजी स्कूल एसोसिएशन व औद्योगिक एसोसिएशन को भी शामिल किया जाए।

#### हेलमेट न पहनने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि सबसे पहले ऐसे पुलिस व अन्य सरकारी कर्मचारियों के चालन किए जाए, जो दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग न कर रहे हों। सिर पर चोट लगने की वजह से ज्यादा मौत होती है। आगामी 14 फरवरी के बाद कोई भी दोपहिया वाहन चालक हेलमेट के बिना नजर न आए। सरकारी भवनों में पार्किंग में भी सुनिश्चित किया जाए कि बिना हेलमेट के दोपहिया वाहनों को पार्किंग की अनुमति न दी जाए। ब्लैक स्पॉट की जल्द से जल्द पहचान करें।

#### हादसे में घायलों को डेढ़ लाख तक मुफ्त इलाज का दिया जाए

धीरेंद्र खड़गटा ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में घायल होने वाले व्यक्तियों को डेढ़ लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की घोषणा को भी दो दिन में पैनल के अस्पतालों में लागू करवाएं। दुर्घटना में घायल ऐसे व्यक्तियों के पास यदि आयुष्मान कार्ड भी नहीं है तो भी उन्हें डेढ़ लाख रुपये तक मुफ्त इलाज सुनिश्चित किया जाएगा।इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## छात्राओं को ड्रग और साइबर ठगी के प्रति किया जागरूक

**रोहतक।** किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में चल रहे पांच दिवसीय जिला स्तरीय यूथ रेड क्रॉस कैंप के चौथे दिन वीरवार की शुरुआत ब्रिगेडियर एमएस हुड्डा के नेतृत्व में मेडिटेशन से हुई। उसके बाद गवर्नमेंट कॉलेज मोखरा से आए डॉ. विनोद कुमार, आपदा के समय वाईआरसी वॉलिंटियर्स का योगदान के विषय में अपने विचार रखें। उसके पश्चात आईसीटीसी काउंसलर डॉ. कुसुम ने छात्रों को ड्रग्स एवं इम्युनो सिस्टम बीमारियों के विषय में बताया। उन्होंने युवाओं को ड्रग्स से दूर रहने की सलाह दी। इसके बाद वॉलिंटियर्स के मध्य भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सायंकालीन सत्र में साइबर क्राइम से आए ए एस आई दयानंद ने साइबर फ्रॉड के तरीकों से बचने के उपाय के बारे में बताया। इस अवसर पर डॉ. अंशु, डॉक्टर दीपिका, संतोष एंड यूनिवर्सिटीज वाईआरसी कोऑर्डिनेटर डॉक्टर शाकिर आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### एनएसएस कैंप में ध्यान का महत्व बताया

**रोहतक।** शहीद सूबेदार मेजर रणबीर सिंह हुड्डा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खिडवाली में चल रहे एनएसएस कैंप के दूसरे दिन प्राचार्या निताशा हुड्डा ने स्वयंसेवकों को अपने समाज व राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना रखने के लिए प्रेरित किया। वीरवार को हाईफुलनेस संस्था के प्रशिक्षक राजबीर हुड्डा ने ध्यान के महत्व के विषय में बताया। एनएसएस कोर्डिनेटर सुदेश ने स्वयंसेवकों को सभी का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया।



### छात्रा हर्षिता जांगड़ा को बधाई दी

**रोहतक।** गत 26 जनवरी को दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह में द लार्जेस्ट इंडियन फोक वैरायटी डांस में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाली टीम में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के जेनेटिक्स विभाग की छात्रा हर्षिता जांगड़ा शामिल रही। जेनेटिक्स विभाग की अध्यक्षा प्रो. मीनाक्षी वशिष्ठ ने इस गौरवशाली उपलब्धि के लिए छात्रा हर्षिता जांगड़ा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## संकट मोचन मंदिर में भक्तिभाव व श्रद्धा से आरम्भ हुई श्री हनुमान कथा

# अपार बल के धनी भगवान हनुमान की कथा का अंत नहीं : साध्वी

**वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन साध्वी मानेश्वरी देवी ने गणेश वंदना संग श्री हनुमान कथा का अनावरण किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में 5 दिवसीय 24वें वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन वीरवार को गद्दीनशीन साध्वी मानेश्वरी देवी ने गणेश वंदना संग श्री हनुमान कथा का अनावरण किया। साध्वी मानेश्वरी देवी ने भगवान हनुमान के बाल लीला और जन्मकथा का मनमोहक प्रसंग सुनाया। उनके द्वारा गाए गए भजन छम छम नाचे वीर हनुमाना, बालाजी के लाड लडावे माता अंजना, मैं तो फूली नहीं स्माई बालाजी के रंग में, वीर हनुमाना अति बलवाना जैसे भजनों पर भक्तजन झूमते नजर आए। साध्वी मानेश्वरी देवी ने कहा कि अपार बल के धनी भगवान हनुमान की कथा का अंत नहीं है। वे महाबलशाली, महाप्रतापी, महाशूरवीर थे। उन्होंने हनुमान का खेल-खेल में सूर्य को फल समझकर निगलना हो या ऋषि-मुनियों को परेशान करने से जुड़ी कथा सुनाई।



रोहतक। माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में 24वां वार्षिकोत्सव में प्रवचन देते गद्दीनशीन साध्वी मानेश्वरी देवी। फोटो : हरिभूमि



माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में 24वां वार्षिकोत्सव में प्रवचन सुनते भक्तजन। फोटो : हरिभूमि

### मंगलवार का दिन हनुमान जी को समर्पित

साध्वी मानेश्वरी देवी ने कहा कि भगवान हनुमान के नटखटपन के कारण उन्हें एक बार श्राप मिला था कि, वे अपनी सभी शक्तियों को भूल जाएंगे और इस श्राप से उन्हें मुक्ति तभी मिलेगी, जब उन्हें किसी के द्वारा उनकी शक्तियों का अहसास दिलाया जाएगा। कार्यक्रम में पानीपत से समाजसेवी वीरेंद्र ने परिवार सहित ज्योत प्रचंड की और जरूरतमंद बच्चों को स्टेशनरी वितरित की। पंडित अशोक शर्मा ने आरती की व प्रसाद वितरित किया। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में हनुमान को सबसे अधिक शक्तिशाली देवता माना गया है। मंगलवार का दिन भगवान हनुमान को समर्पित है। इस दिन भक्त बजरंगबली विशेष पूजा-अर्चना करते हैं। साथ ही शुभ फल की प्राप्ति के लिए व्रत भी रखते हैं। इस दौरान माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में श्रद्धालुओं की काफी संख्या में भीड़ रही।

### *आज लगेगा निशुल्क मेडिसन कैंप*

*शुक्रवार को डॉ. कृष्ण कुमार लांबा (श्री शिवानंद धर्मार्थ चिकित्सालय) और उनकी टीम द्वारा निशुल्क मेडिसन कैंप आयोजित होगा जिसमें बीपी, शुगर, टेस्ट की जांच और दवाईयां फ्री वितरित होंगी।*

## महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर दो मिनट का मौन रखकर दी श्रद्धांजलि



रोहतक। जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए हॉल में महात्मा गांधी की पुण्य तिथि के अवसर पर दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि देते उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा व अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

- शहीदों का बलिदान हमें राष्ट्र सेवा के लिए करता है प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा की अध्यक्षता में अधिकारियों ने स्थानीय जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए हॉल में महात्मा गांधी की पुण्य तिथि के अवसर पर दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। लघु सचिवालय परिसर में भी उपमंडलाधीश आशीष कुमार की अध्यक्षता में अधिकारियों व कर्मचारियों ने महत्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी।

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की याद में आज 30 जनवरी के दिन मौन धारण करके उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। हम सब देश के उन महान शहीदों को भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्होंने भारत वर्ष के लिए बलिदान दिया। उनका बलिदान हमें लोगों की सेवा करने और राष्ट्र के लिए महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रेरित करता है। लघु सचिवालय परिसर में भी बलिदान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें महात्मा गांधी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। ठीक 11 बजे सायरन बजाया गया और 2 मिनट तक मौन धारण किया गया। पुलिस की टुकड़ी ने मातमी धुन बजाई और हथियार उल्टे करके शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शशि शेखर, सहायक आयुक्त प्रशिक्षु अभिनव सिवाच, प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण की सचिव मेजर गायत्री अहलावत, आरएसओ के प्रधान सुभाष गुप्ता, भरत नागपाल सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



### महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर गोष्ठी का आयोजन

**रोहतक।** आज दिनांक 30 जनवरी को महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर रोहतक रचनाकार मंच द्वारा एक साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्यअतिथि वरिष्ठ साहित्यकार हरियाणा साहित्य अकादमी के सूर सम्मान से विभूषित डॉ. मधुकांत रहे तथा अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. शशि गोयल ने की। सर्वप्रथम सभी साहित्यकारों ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद वरिष्ठ साहित्यकार श्रीमती आशा खत्री 'लता' ने महान साहित्यकारों स्व. माखनलाल चतुर्वेदी जिनकी आज पुण्यतिथि थी तथा जयशंकर प्रसाद जी को जन्मजयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके साहित्य पर प्रकाश डाला। गोष्ठी में डॉ. रूप देवगुण के लघुकविता-संग्रह 'प्रेम पृष्ठों पर लघुकथाएं' तथा डॉ. जयभगवान सिंगला के लघुकविता-संग्रह 'दर्द पहाड़ का' की कविताओं पर चर्चा करते हुए उनमें उठाये गए विषयों की प्रशंसा की। इसके बाद कानपुर से प्रकाशित श्री सतीश गुप्ता द्वारा संपादित त्रैमासिक पत्रिका 'अनन्तिम' के सद्य प्रकाशित अंक की रचनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के लिए आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने 31 जनवरी को मुख्यमंत्री नायब सिंह के दौरा कार्यक्रम के दृष्टिगत निषेधाज्ञा आदेश जारी किए हैं। जिलाधीश द्वारा जारी आदेश के तहत मुख्यमंत्री दौरा कार्यक्रम से जुड़े स्थलों पर 31 जनवरी को मानवरहित एरियल व्हीकल जैसे ड्रोन, ग्लाइडर, रिमोट नियंत्रित एयरक्राफ्ट्स, फ्लाइंग कैमरा, हेलीकॉम आदि के प्रयोग पर पूर्णतय पाबंदी लगाई गई है। पुलिस अधीक्षक द्वारा इन आदेशों की पालना सुनिश्चित की जाएगी। आदेशों की उल्लंधना का दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति के खिलाफ कानूनी प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।



रोहतक। छोटूराम जन्मोत्सव समारोह की तैयारियों के निरीक्षण के दौरान जिलाधीश धीरेंद्र खड़गटा को जानकारी देते प्रधान गुलाब सिंह दिमाना व अन्य।

### ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

जिलाधीश धीरेंद्र खड़गटा 31 जनवरी को रोहतक में निर्धारित कार्यक्रम के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस अधिकारी नियुक्त करने के आदेश जारी किए है। जारी आदेश के तहत लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता विश्वनाथ को ड्यूटी मजिस्ट्रेट तथा सिटी पुलिस उपाधीक्षक गुलाब सिंह को पुलिस अधिकारी, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के उपमंडल अभियंता राजेश सोनी को ड्यूटी मजिस्ट्रेट तथा सिविल लाइन पुलिस थाना के एसएचओ को पुलिस अधिकारी एवं यमुना जल सेवाएं के उपमंडल अधिकारी जगदीप दलाल को ड्यूटी मजिस्ट्रेट तथा पीजीआईएमएस पुलिस थाना के एसएचओ को पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है। जारी आदेश के तहत पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ महिला पुलिस सहित पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा तथा पुलिस बल के प्रभारी निरंतर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के संपर्क में रहेंगे।



### विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के रक्षा एवं सामरिक अध्ययन विभाग द्वारा वीरवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। विभगााध्यक्ष प्रो. सेवा सिंह दहिया ने स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। यदि हम सभी मिलकर अपने घर, गली मोहल्ले और शहर को स्वच्छ बनाने का संकल्प ले तो स्वच्छ हरियाणा मिशन को सफल बनाया जा सकता है, ऐसा उनका कहना था। प्रो. सेवा सिंह दहिया ने बताया कि स्वच्छता अभियान के तहत विद्यार्थियों ने रक्षा एवं सामरिक अध्ययन विभाग के आस-पास और विश्वविद्यालय की विभिन्न जगहों की सफाई की एवं अन्य विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस कार्यक्रम में प्रो. सेवा सिंह दहिया समेत विभाग के प्राध्यापकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने सफाई अभियान में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।

# मैटलैब के उपयोग और अनुप्रयोगों के बारे में दी विस्तार से जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक.

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के स्वराज सदन में नव प्रवेशित पीएचडी विद्यार्थियों के लिए आयोजित शोध प्रविधि विषयक सात दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन विविध शोध क्षेत्रों के विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किए गए। इस कार्यशाला का आयोजन फैकल्टी ऑफ फिजिकल साइंसेज तथा फैकल्टी ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी स्टडीज द्वारा चौ. रणबीर सिंह सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन संस्थान के तत्वावधान में किया जा रहा है। इस कार्यशाला के कोऑर्डिनेटर प्रो. देवेन्द्र सिंह ने बताया कि सुबह के पहले सत्र में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ के सांख्यिकी विभाग के डॉ. रविंदर सिंह ने आर प्रोग्रामिंग का उपयोग करते हुए सह-संबंध और प्रतिगमन विश्लेषण पर व्याख्यान दिया। दूसरे सत्र में चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के भौतिकी विभाग के प्रोफेसर डॉ. अनिल मलिक ने एक प्रभावी शोध उपकरण के रूप में मैटलैब के उपयोग और अनुप्रयोगों पर व्याख्यान दिया। दोपहर के सत्र में दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अनुप्रयुक्त गणित विभाग के प्रोफेसर डॉ. एचसी तनेजा ने अनुमान और परिकल्पना परीक्षण पर व्याख्यान दिया। दोपहर के सत्र के दूसरे व्याख्यान में एमिटी विश्वविद्यालय, नोएडा के फोरेंसिक विज्ञान संस्थान के डॉ. अमरनाथ मिश्रा ने साइबर फोरेंसिक पर व्याख्यान दिया।



## प्रयागराज में कुंभ स्नान करने गए साधु शिवगिरी की हर्ट अटैक से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

प्रयागराज में संगम तट पर कुंभ स्नान करने गए एक साधु की हर्ट अटैक से मौत हो गई। 57 वर्षीय शिवगिरी झज्जर के किसी डेरे से जुड़े हुए थे और फिलहाल पिछले 6 महीने से खेड़ी महम के शिवानंद आश्रम में रह रहे थे। शिवानंद धर्मार्थ औषधालय के चिकित्सक के के लांबा ने बताया कि 17 जनवरी को शिवगिरी हिसार के लिए चले थे। 18 जनवरी को वे वहां पहुंच गए थे। 20 जनवरी को हिसार से दो अन्य साधुओं के साथ प्रयागराज के लिए चल थे। 21 को वे प्रयागराज पहुंच गए थे। 29 जनवरी को सुबह साढ़े चार बजे वे जूना अखाड़े के साधुओं के साथ स्नान करने के लिए संगम में डूबकी लगाने के लिए जाने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान उनको हर्ट अटैक आ गया।

डॉक्टर लांबा ने बताया कि शिव गिरी के मोबाइल फोन में उनका नंबर था। उस नंबर को देखकर 29 जनवरी को ही उसके पास सुबह 4 बजकर 43 मिनट पर फोन आया कि शिव गिरी का हर्ट अटैक से निधन हो गया है।

### सांपला की महिला की मौत

वार्ड 13 निवासी कृष्णा की मौत महाकुंभ में बुधवार की सुबह मची भगदड़ के दौरान हुई थी। गुरुवार को यूपी सरकार द्वारा अपने खर्चे पर उनका शव सांपला पहुंचाया। परिवार के लोगों ने शव का अंतिम संस्कार किया। मृतका के पुत्र नरेश ने बताया कि तीन दिन पहले उसकी पत्नी सुनीता और अन्य परिवार के 11 सदस्य महाकुंभ में स्नान करने गए थे। महाकुंभ में मंगलवार की आधी रात और बुधवार की सुबह 8 बजे भगदड़ मची। इसी वक्त कृष्णा व सुनीता जमीन पर गिर गई। कृष्णा की मौत हो गई।



### दिव्यांग बच्चों को सेवा प्रकल्प के तहत वितरित की गई सहायता सामग्री

रोहतक। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर भूमिका दिव्यांग जन सेवा संस्थान में सेवा प्रकल्प श्री राधा नाम समूह द्वारा सभी दिव्यांग बच्चों को कंबल एवं सहायक सामग्री वितरित की गई। सेवा प्रकल्प की प्रधान रजनी देवी एवं उनके सहयोगियों ने इस नेक कार्य द्वारा दिव्यांग बच्चों के जीवन में नई उमंग और आत्मविश्वास भरने का प्रयास किया। इस सेवा कार्य के माध्यम से समाज को यह संदेश दिया गया कि हमें दिव्यांग बच्चों के सशक्तिकरण और सहयोग के लिए आगे आना चाहिए एवं इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।
नरेश चुघ एवं प्रदीप ने दिव्यांग बच्चों की आर्थिक सहायता के लिए 11 000 की सहयोग राशि प्रदान की, जिससे संस्था के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने में सहायता मिलेगी।

**सूचना**

मैं, वजीर सिंह पुत्र श्री रामचन्द्र निवासी मदीना गिन्धरान, तहसील महम, जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र आशिष मेरे कहने–सुनने से बाहर है। इसलिये मैं और मेरी पत्नी कुशम इसको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इससे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**श्रद्धांजलि सभा**



**स्व. श्रीमती शकुंतला भयाना**
(1939 - 2025)

आप सभी को बड़े दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी माताजी श्रीमती शकुंतला भयाना जी धर्मपत्नी स्व. श्री राम सरन दास भयाना का आकस्मिक निधन दिनांक 30 जनवरी 2025 को हो गया है। उनकी आत्मिक शांति हेतु श्रद्धांजलि सभा दिनांक 01.02.2025 (शनिवार) को सेक्टर-2, कम्यूनिटी सेंटर, रोहतक में समय दोपहर 2 से 3 बजे तक होगी।

शोकाकुल परिवार

श्री सुमित भयाना (पुत्र) श्री सुनील बाऊन्ट्रा (समधी)
श्रीमती तन्नु भयाना (पुत्रवधु) काशवी, कविन (पौत्री एवं पौत्र)

सम्पर्क सूत्र : 9818361500, 9466848899

### एसडीएम आशीष कुमार ने सुनी नागरिकों की समस्याएं

# समाधान शिविर में 17 शिकायतें लेकर पहुंचे फरियादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

स्थानीय लघु सचिवालय स्थित वीसी रूम में वीरवार को समाधान शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें एसडीएम आशीष कुमार ने नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यदि कहीं भी गली और आम रास्तों में अतिक्रमण की शिकायतें आती हैं तो ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करवाकर तुरंत हटवाने की कारवाई करें।

एडीएम ने निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह के आदेशानुसार जिला स्तर और उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन समाधान शिविरों का आयोजन करने का मकसद नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना है। ऐसे में अधिकारी नागरिकों की समस्याओं के प्रति गंभीर हों और जो भी समस्याएं समाधान शिविर में आती हैं, उनका समयबद्ध ढंग से समाधान करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की अधिकांश योजनाएं परिवार पहचान पत्र के साथ में जुड़ी हुई हैं। योजनाओं का लाभ सीधा लाभ पात्र को मिलता है। यदि किसी के पहचान पत्र में कोई त्रुटि रहती है तो नागरिक योजना का लाभ लेने से वंचित रह जाते हैं। ऐसे में परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को जल्द से जल्द दूर किया जाए ताकि कोई भी नागरिक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने में वंचित ने रहे और नागरिकों को समय पर का लाभ मिले। समाधान शिविर के दौरान गांव घिलौड़ निवासी दयानंद ने फसल मुआवजा राशि दिलवाने, चुनीपुरा मोहल्ला निवासी अजय ने परिवार पहचान पत्र में आय कम करवाने, गांधी नगर निवासी विनोद ने उसके परिवार पहचान पत्र में दर्शाए गए अनजान व्यक्ति का नाम हटवाने, गांव चिड़ी निवासी सूबे सिंह ने लाल डोरा के तहत उसके प्लाट की निशानदेही करवाने, पंचवटी कॉलोनी निवासी जयलाल ने उनके मोहल्ले में सीवर की सफाई करवाने, गांव बहू निवासी सूबेदार ने पंचायती जमीन से अवैध कब्जा हटवाने, रामगोपाल कालोनी निवासी सुरेंद्र ने सीवर लाइन की सफाई करवाने, हनुमान कॉलोनी निवासी सुमन देवी ने वृद्धावस्था पेंशन बनवाने, गांव ताजामाजरा निवासी मुकेश ने परिवार पहचान पत्र की त्रुटि ठीक करवाने, गांव गद्दी खेड़ी निवासी सतीश ने जमीन अधिग्रहण का मुआवजा दिलवाने, शास्त्री नगर निवासी शीतल ने दयालु योजना का लाभ दिलाने, काहनौर निवासी नरेश ने उसका परिवार पहचान पत्र बनवाने की मांग की। इसी प्रकार से अन्य नागरिकों ने भी बिजली, पानी, अतिक्रमण हटवाने, सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने से संबंधित समस्याएं रखी।




रोहतक। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते एसडीएम आशीष कुमार।

### वार्ड दो के निवासियों ने अपने वार्ड में ही वोट बनवाने की रखी मांग

स्थानीय वार्ड नंबर 2 के शिव कॉलोनी निवासियों ने शिकायत पत्र देते हुए बताया कि वे वार्ड नंबर दो में रहते हैं, लेकिन उनके वोट वार्ड नंबर एक में लगा दिए गए हैं जो कि सरासर गलत है। उनके वोट वार्ड नंबर 2 में ही होने चाहिए। उन्होंने एसडीएम को बताया कि उनके मोहल्ले में पेयजल आपूर्ति भी नहीं हो रही है। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र से लाइन के माध्यम से उनकी कालोनी में पेयजल मुहैया करवाने की मांग की। इसके अलावा उन्होंने जींद बाईपास पुल के नीचे खाली जमीन पर ओपन जिम बनवाने और सार्वजनिक शौचालय बनवाने की मांग की।

TOP-IN-TOWN **रोहतक बाजार**
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600



श्री गणेशाय नमः
श्री बालाजी ज्योतिष केन्द्र
म.नं. 232, सैक्टर 14, हिसार
मो. 8571024131, 8708655938
प्यार मोहब्बत, किया/कराया, जादु–टोना, गुप्त दुश्मन, सौतन, नजर दोष, विदेश यात्रा, सास बहु/पति पत्नी में अनबन कारोबार में बरकत ना होना, पशुधन बर्बाद होना, धन की बर्बादी, पढाई में मन न लगना, विवाह में देरी, नौकरी में प्रमोशन
समस्या कैसी भी हो, जड़ से होगी खत्म
जब कभी भी ना बना हो काम
तो होगा गारन्टिड समाधान



पं. तुषार शर्मा
गोल्ड मेडलिस्ट
हर रोज मिलें
सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE
Dr. Kawatra TRUST BUILDER'S



नि:संतान दम्पत्तियों
को शादी के सालों साल बाद जब हमारे ईलाज से उन दम्पत्तियों को संतान सुख प्राप्त हुआ, उन लाभार्थ दम्पत्तियों के नाम व पते हमारे पास सुरक्षित हैं।
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

## खबर संक्षेप


रोहतक। सूर्य नमस्कार के पोस्टर दिखाते हुए

### पोस्टर मेकिंग में अंकिता ने मारी बाजी

**रोहतक।** वैश्य कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में उच्चतर शिक्षा विभाग व हरियाणा योग आयोग द्वारा आयोजित 30 दिवसीय राज्य स्तरीय अभियान हर घर परिवार सूर्य नमस्कार के तहत कॉलेज में अभियान का समापन किया गया। इस मौके पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार के पोस्टर बनाए। प्रतियोगिता में अंकिता ने प्रथम, सुनैना, आशा, सुमन द्वितीय व नंदनी, प्रीति, अंकुश, राजवंती, सोनिया और सुचेता ने तृतीय स्थान हासिल किया।

### रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक

**सांपला।** सर छोटू राम कन्या महाविद्यालय की एन एस एस की छात्राओं ने गुरुवार को कस्बे में पर्यावरण संरक्षण के लिए एक जागरूता रैली निकाली। रैली को प्राचार्य डॉक्टर संतोष हुड्डा ने झंडी दिखाकर रवाना किया। विद्यार्थियों ने अपने हाथों में पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ के स्लोगन लिखे हुए पोस्टर लिए हुए थे। लोगों को जागृत करने के लिए कहा कि हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए ,ताकि हम अच्छा जीवन जी सके। इस मौके पर इंचार्ज डॉ मोनिका और डॉक्टर प्रीति के अलावा डॉक्टर जगदीश मलिक, पंकज आदि भी साथ थे।

### सूर्य नमस्कार को दिनचर्या का हिस्सा बनाने का लिया प्रण



रोहतक। रोहतक महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय के योग विज्ञान ने उच्चतर शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार छह दिवसीय हर परिवार सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं। जिसका वीरवार चतुर्थ दिवस रहा। जिसमें ज्योति ग्रेवाल सहायक प्रोफेसर योग विज्ञान विभाग ने सूर्य नमस्कार की 12 पोज व उसे संबंधित मत्रों का उच्चारण करवाया ( प्रणामासन, हस्तोत्तानासन, पादहस्तासन, अश्वसंचालनासन, पर्वतासन, अष्टांगनमस्कार, भुजंगासन, पर्वतासन, अश्वसंचालनासन, पादहस्तासन, हस्तोत्तानासन, नमस्कारासन) मत्रों के उच्चारण से मानसिक व आध्यात्मिक शांति मिलती है। योगाभ्यासियों ने सूर्य नमस्कार को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

### आर्य समाज मॉडल टाउन का वार्षिकोत्सव 1 व 2 को

**रोहतक।** 1 व 2 फरवरी को आर्य समाज मॉडल टाउन का 71वां स्थापना दिवस एवं वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा। प्रधान देसराज आर्य ने बताया कि वसंत पंचमी के दिन वीर हकीकत राय के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धा पूर्वक स्मरण किया जाएगा। मंत्री रमेश बत्रा ने कहा कि यह आयोजन प्रति वर्ष किया जाता है।

# धुआं उड़ाने के शौक में कैंसर को न्योता दे रहे युवा: डॉ. हरनीत सिंह

## ओरल कैंसर जागरुकता सप्ताह के अंतर्गत डीएवी स्कूल में व्याख्यान आयोजित

- आधुनिक दौर में युवा अपना रहे नया ट्रेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एक बहुत अच्छा गाना है मैं जिंदगी का साथ निभाता चला गया, हर फिक्र को धुंए में उड़ाता चला गया, लेकिन आजकल की जिंदगी में युवा धुएं के माध्यम से ही फिक्र को यानि बीमारी को अपनी जिंदगी में ला रहे हैं। आधुनिक दौर में आज का युवा बदलते फैशन के साथ आगे बढ़ रहा है तो वह नए-नए ट्रेंड को अपना रहा है। ऐसे में युवाओं में फ्लेवर हुक्का और ई-सिगरेट पीने का ट्रेंड चल रहा है। यह कहना है पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज के


**रोहतक।** कार्यक्रम को सम्बोधित करते पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. हरनीत सिंह ।

एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. हरनीत सिंह का। वें वीरवार को उनके विभाग ओरल मेडिसिन द्वारा मनाए जा रहे ओरल कैंसर जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत डीएवी स्कूल में व्याख्यान देने पहुंचे थे।

डॉ. हरनीत सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि फ्लेवरड हुक्के के स्वाद की बात की जाए तो अलग-अलग फ्लेवर होने के कारण यह स्वाद में काफी मजेदार होते हैं वहीं युवाओं को फ्लेवर हुक्के के धुएं से आकृति बनाना काफी रोमांचित लगता है। मगर क्या आप यह बात जानते है कि इस फ्लेवर वाले हुक्के का निरंतर सेवन करने से कहीं ना कहीं यह आपकी जान के लिए खतरा भी बन सकता है। फ्लेवर वाले हुक्के में थोड़ी मात्रा में एल्कोहल मिला हुआ होता है, जिससे इसकी लत लगती है और कहीं ना कहीं यह आपके शरीर में कई बीमारियों को भी जन्म देता है। आज के दौर में युवा वर्ग इससे अनजान हैं। डॉ. हरनीत सिंह ने बताया कि फ्लेवर्ड हुक्का पीने से व्यक्ति के शरीर पर काफी असर पड़ता है। इससे यह आपके दिमाग लंग्स और दिल पर भी असर करता है और कहीं ना कहीं यह शरीर में एक कैंसर की बीमारी को भी जन्म देता है। फ्लेवर्ड हुक्का में ऐसे इनग्रीडिएंट होते हैं जिनमें तंबाकू होता है, जिसके चलते हुक्का पीने वाले लोगों को बार-बार हुक्का पीने की इच्छा करती है। यह भी कैंसर के लिए उतना ही जिम्मेदार है जितना कि स्मोकिंग और तंबाकू से बनी अन्य चीजें हैं।

### ई-सिगरेट या वेपिंग तंबाकू जितनी खतरनाक

डॉ. हरनीत सिंह ने बताया कि शुरुआत में ज्यादातर युवा ई-सिगरेट और और ई-हुक्के का सेवन केवल दिखावे के लिए करते हैं क्योंकि दुष्प्रचार के चलते उन्हें लगता है कि दूसरे तंबाकू उत्पादों की तुलना में यह कम हानिकारक हैं। एक बार गिरफ्त में आने के बाद वे सामान्य सिगरेट की तरफ मुड़ जाते हैं। शोध बताते हैं इससे लोगों में अस्थमा, फेफड़ों की खराबी, हृदय रोग और कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियां होने का खतरा रहता है। डॉ. हरनीत ने बताया कि ई सिगरेट या वेपिंग करने से निकोटीन की लत लगती है जो तंबाकू जैसी खतरनाक है, हालांकि भारत में यह प्रतिबंधित है, लेकिन फिर भी बच्चों के पास यह मिल जाती है। इसलिए वें सबसे आग्रह करते हैं कि इसके सेवन से बचें।

## राजनीति का अखाड़ा बन गई थी कॉलोनी, करीब 32 लाख आएगा खर्च

# महावीर कॉलोनी की गलियों का निर्माण कार्य शुरू, मिली राहत

**खास बातें**

- कई माह से सड़क बनने का इंतजार कर रहे थे कॉलोनी निवासी
- डिस्पोजल प्लांट की वजह से उखाड़ी थी सड़क
- लोगों ने परेशान होकर गेट पर लगा दिया था बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



गोहाना रोड स्थित महावीर कॉलोनी एक बार फिर चर्चा में है। इस बार राहत भरी खबर है। लम्बे इंतजार के बाद कॉलोनी की गलियों को पक्का करने के लिए निर्माण कार्य शुरू हो गया है। कॉलोनी निवासी काफी समय से सड़क बनवाने की मांग कर रहे थे। एक बार तो स्थानीय लोग इतने परेशान हो गए थे कि गेट पर बोर्ड लगा दिया गया था कि किसी नेता को यहां प्रवेश नहीं दिया जाएगा और न ही किसी पार्टी को वोट मिलेगी।

महावीर कॉलोनी वेलफेयर सोसायटी के प्रधान नरेंद्र भारद्वाज उर्फ टिंकू सहित अन्य ने बताया कि सरकार ने गंदे पानी और बरसाती पानी की निकासी के लिए कॉलोनी में डिस्पोजल प्लांट बनवाया है। इसकी खुदाई के दौरान कॉलोनी की सीवर और पानी की लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। लम्बे समय तक लोग परेशान रहे। गंदे पानी की निकासी नहीं हो पाई। घरों में गंदा पानी आता रहा। उस समय कहीं उनकी सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि करीब 32 लाख की लागत से गलियों को सीसी रोड से पक्का किया जा रहा है। सीवर का निर्माण पहले करवाया जा चुका है। अब लोगों को राहत मिली है।

### विधायक ने दी थी धरने की चेतावनी

समस्याओं का निवारण करवाने के लिए पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर सहित कांग्रेस विधायक बीबी बतरा ने कॉलोनी का निरीक्षण किया था। मनीष ग्रोवर ने अधिकारियों को समस्या निवारण के लिए निर्देश दिए थे। इसके अलावा कांग्रेस विधायक बीबी बतरा ने तो प्रशासन को साफ चेतावनी दे डाली थी कि वह समाधान न होने पर लघुसचिवालय परिसर में ही धरने पर बैठ जाएंगे।

### किया जाएगा सम्मानित

प्रधान नरेंद्र भारद्वाज ने बताया कि कॉलोनी की समस्याओं को दूर करने के लिए कॉलोनी के ही कई लोगों ने आवाज उठाई। मंत्री से लेकर अधिकारियों तक के कार्यालय के चक्कर लगाए गए। जिसके बाद कॉलोनी में विकास कार्य हुए। इन लोगों को जल्द ही कार्यक्रम कर सम्मानित किया जाएगा।


प्रधान नरेंद्र भारद्वाज

### कैबिनेट मंत्री ने जून 2023 में किया था शिलान्यास

जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा महावीर कॉलोनी में स्थित राहड़ जोहड़ पर बरसाती पानी की निकासी के लिए डिस्पोजल प्लांट बनाया गया है। गोहाना रोड पर स्थित शनि मंदिर से पीर बौदी बरसाती डिस्पोजल तक 900 व्यास की आरसीसी एनपी-2 पाईप का सीआईपीपी तकनीक से बिछाई गई है। डिस्पोजल पर करीब 24 करोड़ रुपये का खर्च आया है। हालांकि प्लांट तैयार होने से सैनी स्कूल रोड, महावीर कॉलोनी, संजय कॉलोनी, नया चमनपुरा, कृष्णा कॉलोनी, साईंदास कॉलोनी, राहड़ रोड, गुरूनानक पुरा के लोगों को फायदा मिलेगा। बरसात के दिनों यहां अक्सर जलभराव हो जाता था जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।



### जॉन वेस्ले कान्वेंट स्कूल में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर छात्रों ने रखा मान, दी श्रद्धांजलि

**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शोक दिवस मनाया गया। महात्मा गांधी के महान योगदान और आदर्शों को याद करते हुए उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनके चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित किया गया। विद्यालय में दो मिनट का मौन रखा गया। सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और विद्यालय के सभी सदस्यों ने संकल्प किया कि वे महात्मा गांधी के आदर्शों का अनुसरण करते हुए एक सच्चे नागरिक बनने का प्रयास करेंगे। विद्यालय प्रधानाचार्या डॉ ममता मलिक ने महात्मा गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महात्मा गांधी एक महान नेता और सच्चे देशभक्त थे। उनके सत्य, अहिंसा और त्याग के मूल्य पर चर्चा करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को उनकी प्रेरणादायक शिक्षाओं को समझने और जीवन में अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सुरेंद्र मलिक, उपप्रचार्या मशेनका, रितू, रेखा, रुचि, सुमित, वीरेंद्र, विन्नी ज्योति, सीमा, दीपमाला आदि उपस्थित रहे।

### नैतिक शिक्षा विषय पर सेमिनार आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

केवीएम कॉलेज आफ एजुकेशन में स्पेशल सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसका विषय नैतिक शिक्षा रहा। सेमिनार का शुभारंभ कालेज के डायरेक्टर कर्मवीर मायना ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने बच्चों को सेमिनार में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। सेमिनार में कॉलेज के सभी स्टाफ सदस्यों ने नैतिक शिक्षा पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए और जीवन में नैतिक शिक्षा का क्या महत्व है इस विषय पर चर्चा की। प्रधानाचार्य डॉ. धर्मवती ने जीवन में नैतिक शिक्षा को अपनाने की बात कही।

## हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा प्रस्तावित पीएमश्री विद्यालयों में कार्यरत विशिष्ट शिक्षक तथा सामान्य शिक्षकों के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का बृहस्पतिवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मदीना रोहतक में समापन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मदीना रोहतक के प्रधानाचार्य वीरेंद्र मलिक की अध्यक्षता में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 6 जिलों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिनमें रोहतक सोनीपत पानीपत भिवानी चरखी दादरी तथा झज्जर जिलों से प्रतिभागी उपस्थित हुए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में फेज वन तथा फेज 2 में प्रस्तावित पीएम श्री विद्यालयों को शामिल किया गया था।



### प्रशिक्षण में 47 प्रतिभागियों ने लिया भाग

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 47 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर के रूप में सत जिंदा कल्याण शिक्षण महाविद्यालय की प्रधानाचार्य डॉक्टर कंचन, श्री बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय से प्रोफेसर अरुणा आंचल, छोटू राम शिक्षण महाविद्यालय से डॉ. रंजू मलिक तथा डॉ. इंदु बाला ने व्याख्यान प्रस्तुत किए। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दो समूह में पूरा किया गया जिसकी एक पेज की समन्वयक डॉ. सुमन लता तथा दूसरे समूह के समन्वयक डॉ. मंजीत कुमार थे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में तकनीकी सहायता के लिए जितेंद्र कुमार तथा कुलबीर सिंह तत्पर रहे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न सत्र जैसे समावेशी शिक्षा, एफएलएन तथा ईसीसीई, कक्षा कक्ष प्रबंधन, लिंग समानता, आईसीटी इन एजुकेशन, वैल्यू एजुकेशन मूल्य शिक्षा जैसे अनेक विषयों पर चर्चा की गई। फीडबैक सेशन में प्रतिभागियों ने डॉ. मंजीत कुमार तथा डॉ. सुमन लता द्वारा आयोजित की गई विभिन्न गतिविधियों की खूब प्रशंसा की। प्रशिक्षण के अंत में सभी प्रतिभागियों ने आयोजन कर्ताओं का धन्यवाद किया तथा आश्वासन भी दिया कि सीखी गई सभी बारीकियां को अपने कक्षा कक्ष में मूर्त रूप प्रदान करेंगे।

### मोबाइल फोन छीनने की वारदात में दो आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने मोबाइल फोन छीनने की वारदात में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को कोर्ट में पेश करके जेल भेजा गया है। शहर थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया कि भिवानी निवासी दीपक की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरू की गई थी। जांच में सामने आया कि दीपक हिसार बाइपास पर आया हुआ था। तभी मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक आए और दीपक के हाथ से मोबाइल फोन छीनकर मौके से फरार हो गए। जांच के दौरान 29 जनवरी को आरोपी विकास निवासी शोरा कोठी व संदीप निवासी कबीर कॉलोनी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी संदीप ने थाना शहर एरिया में मोबाइल फोन चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया हुआ है। जिसमें आरोपी को गिरफ्तार कर सुनारिया जेल भेजा गया। आरोपी को प्रोडक्शन वांरट पर हासिल कर गिरफ्तार किया गया। जिस संदर्भ मे आरोपी के खिलाफ थाना शहर में केस दर्ज करके जांच शुरू की गई है।

## दुकानों का किराया जमा करवाने के दिए नोटिस, अवहेलना करने पर होगी कार्रवाई

- नगर निगम की दुकानों पर पूर्व से काबिज किरायेदारों के साथ बैठक
- 46 दुकानों के किराये के बारे में विवरण मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम आयुक्त धर्मेन्द्र सिंह ने वीरवार को नगर निगम कार्यालय में पुराना बस स्टैंड के नजदीक नगर निगम की दुकानों पर पूर्व से काबिज किरायेदारों के साथ बैठक की। इस दौरान भू-अधिकारी से पुराना बस स्टैंड के नजदीक निगम की 46 दुकानों के किराये के बारे में विवरण मांगा गया, उन्होंने कहा कि बहुत से दुकानदारो ने 1 जनवरी 2025 से अपना किराया जमा नहीं करवाया है। बैठक में किरायेदारों को 1 जनवरी 2025 से अपना मासिक किराया नगर निगम कार्यालय में जमा करवाने के निर्देश दिए गए। निगम आयुक्त द्वारा यह भी बताया गया कि भू-अधिकारी द्वारा संबंधित दुकानदारों को किराया न जमा करवाने के संदर्भ में नोटिस दिए जा चुके हैं कि 7 दिनो के अन्दर-अन्दर दुकानदार अपना किराया कार्यालय में जाम करवाएं। किराया जमा न करने पर संबंधित दुकानों को सील किया जाए तथा नियमानुसार दुकान खाली करवाने के लिए आगमी कार्यवाही अमल में लाई जाए, जिसके बाद दुकानों को खुली बोली के माध्यम से बेच दिया जाएगा। बैठक में भू-अधिकारी संदीप बतरा, लिपिक प्रमोद कमार, पुराना बस स्टैंड के पास निगम की दुकानों के किरायेदार आदि शामिल हुए।


**रोहतक।** दुकारों से बातचीत करते नगर निगम आयुक्त धर्मेन्द्र सिंह ।

**मांग** कर्मियों को उच्च गुणवत्ता के दस्ताने व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाएं

# सफाई कर्मचारी को सीवर में उतारा तो होगी कार्रवाई

- हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष ने सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष इंजि. कृष्ण कुमार ने शहर में सीवर सफाई के संदर्भ में कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय अनुसार किसी भी सफाई कर्मचारी को सीवर में सफाई के लिए नहीं उतारा जाएगा। सीवर जाम के बारे में जानकारी के लिए सेंसर लगाया गया है, जिससे सीवर जाम की सही जगह का पता लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सीवर सफाई को पूर्णतया मशीनों द्वारा करवाने के प्रबंध करने है। शहरों पर लगातार दबाव बढ़ रहा है तथा शहरों की समुचित सफाई के लिए सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य पर ध्यान देने के साथ-साथ उनके सामाजिक उत्थान पर भी ध्यान देना होगा। नियमित अंतराल पर सफाई कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच भी करवाई जाए। उन्होंने वीरवार को जिला प्रशासन एवं नगर निगम के अधिकारियों के साथ सफाई कर्मचारियों को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं की समीक्षा की। वह जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए हॉल में अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।


**रोहतक।** जिला विकास भवन में बैठक मौजूद कर्मचारी।

### प्रत्येक वार्ड में ग्रीन रूम की सुविधा दी जाए

हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष इंजि. कृष्ण कुमार ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सफाई कर्मचारियों को शहर के प्रत्येक वार्ड में ग्रीन रूम की सुविधा के साथ-साथ उच्च गुणवत्ता के दस्ताने व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाएं। उन्होंने कहा कि रोहतक में सफाई कर्मचारियों के दो बच्चों को एंटरप्रेन्योर बनाने में मदद करें। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों को सामाजिक उत्थान की दिशा में कार्य करते हुए उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं। इस दौरान उन्होंने सफाई कर्मचारियों की समस्याएं भी सुनी।

### मृत कर्मियों के आश्रितों को रोजगार दिया जाए

इंजि. कृष्ण कुमार ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों का भी सफाई कर्मचारियों बारे सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने को कहा। उन्होंने सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र से बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण में लगे कर्मियों के कल्याण की दिशा में कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि इन कर्मचारियों का भी पूरा ध्यान रखा जाए। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत गांवों में तैनात सफाई कर्मचारियों के संदर्भ में कहा कि इन कर्मचारियों से केवल गलियों की सफाई करवाई जाए तथा गहरे नाले व तालाबों आदि की सफाई में इन कर्मचारियों को न लगाया जाए। मृत सफाई कर्मचारियों के आश्रितों को रोजगार दिया जाए तथा किसी भी कर्मचारी का शोषण न हो। सफाई कर्मचारियों को मृत्यु पर दो लाख रुपए बीमा भी प्राप्त होता है। यह सुनिश्चित हो कि पीड़ित कर्मचारी के आश्रितों को पूरी धन राशि मिले। इन कर्मचारियों को ईएसआई व ईपीएफ बारे भी जागरूक किया जाए। अध्यक्ष इंजि. कृष्ण कुमार ने जिला विकास भवन में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों व शहरी सफाई कर्मचारियों समस्याएं जानी तथा उपस्थित अधिकारियों को इन समस्याओं के समाधान के निर्देश भी दिए।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर नगर निगम के संयुक्त आयुक्त भूपेंद्र सिंह, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के संपदा अधिकारी मुकुंद तंवर, नगराधीश अंकित कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र सहित अन्य संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी तथा भाजपा के प्रतिनिधियों में सुखबीर चंदोलिया व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।


**रोहतक।** पीजीआई में हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष इंजीनियर कृष्ण कुमार का स्वागत करते कुलपति डॉक्टर एच के अग्रवाल ।

### राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष इंजीनियर कृष्ण कुमार पीजीआई के सफाई कर्मचारियों से मिले

**रोहतक।** हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष इंजीनियर कृष्ण कुमार वीरवार को पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय पहुंचे। उन्होंने यहां पहुंचने पर सबसे पहले कुलपति डॉक्टर एच के अग्रवाल से मुलाकात की और सफाई कर्मचारियों को अच्छी सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए बधाई दी। इसके पश्चात में डेंटल कॉलेज के ऑडिटोरियम में पीजीआई के सभी सफाई कर्मचारियों से मिले । इस अवसर पर सफाई कर्मचारियों से वार्तालाप करते हुए हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष इंजीनियर कृष्ण कुमार ने कहा कि वह इससे पहले भी सफाई कर्मचारियों से मिलने आए थे तब उनकी काफी समस्याएं थी। उन्होंने कहा कि उन्हें काफी खुशी है कि अब डॉक्टर एच के अग्रवाल के कुलपति बनने से सफाई कर्मचारियों को काफी अच्छी सुविधाएं मिल रही हैं। कर्मचारियों का समय पर ईएसआई और पीएफ जमा हो रहा है जो की कर्मचारी के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय होता है।